(ग) क्या यह सच है कि नई भर्ती द्वारा रिक्त पदों को भरने में अत्यधिक विलंब हो रहा है और देश में नई भर्ती के लिए परिणामों की घोषणा में विलंब के मामले भी सामने आ रहे हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क): जी, नहीं। श्रम एव रोजगार मंत्रालय ने ऐसा कोई सुझाव नहीं दिया है। तथापि, रिक्तियों को भरना सरकार के लिए प्राथमिकता मद है।

(ख): युवाओं की रोजगारपरकता में सुधार के साथ-साथ रोजगार सृजन सरकार का प्राथमिक सरोकार है। सरकार ने देश में रोजगार सृजन के लिए अर्थव्यवस्था के निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने, अधिक मात्रा में निवेश वाली विभिन्न परियोजनाओं की फास्ट ट्रेकिंग तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी स्कीम (मनरेगा), पंडित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) स्कीम तथा दीनदयाल अंतोदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) जैसी योजनाओं पर लोक व्यय को बढ़ाने जैसे विभिन्न उपाय किए हैं।

जारी–2/-

रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए नियोक्ताओं को प्रोत्साहित करने हेतु श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना प्रारम्भ की गई है। इस योजना के अंतर्गत, सरकार तीन वर्ष तक सभी क्षेत्रों के सभी पात्र नए कर्मचारियों के ईपीएफ एवं ईपीएस के सम्पूर्ण नियोक्ता अंशदान (12 प्रतिशत अथवा अनुमेय) का भुगतान कर रही है।

सरकार ने राष्ट्रीय कैरियर सेवा कार्यान्वित की है जिसमें नौकरी चाहने वालों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण एवं जॉब्स पोस्ट करने तथा अन्य रोजगार संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु एक पोर्टल (www.ncs.gov.in) है।

(ग): एसएससी/यूपीएससी जैसी भर्ती करने वाली एजेंसियों को नियमित रूप से रिक्तियां रिपोर्ट की जाती हैं। न्यायिक वाद-विवाद के कारण रिक्तियों को भरने के कुछ मामलों में विलम्ब हुआ है।

***

भारत सरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 561

बुधवार, 26 जून, 2019/5 आषाढ़ 1941(शक)

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) कवरेज को बढ़ाने के लिए मूल वेतन में वृद्धि

561. डॉ. प्रकाश बांडा:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के केन्द्रीय न्यासी बोर्ड द्वारा अनुमोदित वेतन सीमा को 15,000 रुपए से 21,000 रुपए प्रति माह तक बढ़ाए जाने का प्रस्ताव रखा है ताकि अनिवार्य ईपीएफ दायरे के अंतर्गत ज्यादा कर्मियों को लाया जा सके और उनको भविष्य निधि और पेंशन सुविधाएं प्रदान की जा सकें;

(ख) क्या सरकार सेवानिवृत्त संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए वर्तमान की न्यूनतम पेंशन को 1,000 रुपए से 3,000 रुपए प्रति माह तक बढ़ाने की योजना बना रही है?

(ग) क्या सरकार सामाजिक सुरक्षा जाल को ज्यादा संख्या में लोगों और यहां तक कि असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों तक भी विस्तारित करने की योजना बना रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क): जी नहीं।

(ख): जी नहीं।

(ग) से (ङ): कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 20 या इससे अधिक व्यक्तियों को नियोजित करने वाले प्रत्येक प्रतिष्ठान पर लागू है जो या तो अधिनियम की अनुसूची-I में विनिर्दिष्ट किसी उद्योग में संलग्न कारखाना हो या कोई प्रतिष्ठान जिस पर केन्द्रीय सरकार द्वारा शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा अधिनियम लागू किया गया हो। देश में सभी पात्र कामगरों तक सामाजिक सुरक्षा के लाभ पहुंचाने के लिए, व्याप्ति-योग्य प्रतिष्ठानों को कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 के अंतर्गत लाने के साथ-साथ पात्र कर्मचारियों को अधिनियम के अधीन स्कीमों के छत्र में लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाते हैं।

इसके अलावा, असंगठित क्षेत्र के कामगारों को सामाजिक सुरक्षा के लाभ प्रदान करने के लिए, सरकार ने असंगठित कामगार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 का अधिनियमन किया है। इस अधिनियम में असंगठित कामगारों के लिए (i) जीवन एवं अपंगता छत्र, (ii) स्वास्थ्य एवं प्रसूति लाभ, (iii) वृद्धावस्था संरक्षण तथा (iv) केन्द्रीय सरकार द्वारा यथा निर्धारित किसी अन्य लाभ से संबंधित मामलों पर उपयुक्त कल्याणकारी स्कीमें बनाया जाना अनुबंधित है। असंगठित कामगारों को मासिक सुनिश्चित पेंशन के रूप में वृद्धावस्था संरक्षण प्रदान करने के लिए, भारत सरकार ने हाल ही में प्रधान मंत्री श्रम योगी मानधन (पीएम-एसवाईएम) का सूत्रपात किया है। इस स्कीम के अंतर्गत, असंगठित कामगारों को 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद 3000/- रुपये की न्यूनतम सुनिश्चित मासिक पेंशन प्रदान की जाएगी। यह स्कीम 50:50 आधार पर आधारित है जहां 50 प्रतिशत मासिक अंशदान लाभार्थी द्वारा तथा इतना ही अंशदान केन्द्रीय सरकार द्वारा देय है।

****

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1373

बुधवार, 3 जुलाई, 2019 / 12 आषाढ़, 1941 (शक)

कर्मचारी राज्य बीमा, कर्मचारी भविष्य निधि का अन्य योजनाओं के साथ विलय का प्रस्ताव

1373. श्री के.के. रागेश:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार कर्मचारी राज्य बीमा, कर्मचारी भविष्य निधि को बंद करके अन्य सरकारी योजनाओं के साथ उसका विलय करने और सामाजिक सुरक्षा निधि के निजीकरण का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में क्या मजदूर संघों से प्राप्त सुझावों पर विचार किया गया है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ग): वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, मंत्रालय ने सामाजिक सुरक्षा से संबंधित मौजूदा केन्द्रीय श्रम कानूनों के संगत प्रावधानों के सरलीकरण, विलयन और युक्तीकरण के द्वारा सामाजिक सुरक्षा संबंधी श्रम संहिता का प्रारूप तैयार करने के लिए कदम उठाए हैं। सामाजिक सुरक्षा संबंधी प्रारूप श्रम संहिता पर 27.11.2018 को आयोजित त्रिपक्षीय परामर्श बैठक में विचार किया गया।

वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा संबंधी प्रारूप श्रम संहिता विधायी पूर्व चरण में है।

*****

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2004

बुधवार, 10 जुलाई, 2019 /19 आषाढ़, 1941 (शक)

चयनित गैर-बैंककारी वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से ईपीएफओ निवेश वापस लेना

2004. श्री जोस के. मणि:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ईपीएफओ का केंद्रीय न्यासी बोर्ड एनबीएफसी क्षेत्र में संकट उत्पन्न होने के मद्देनजर चयनित गैर-बैंककारी वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से ईपीएफओ निवेश वापस लेने पर विचार कर रहा है;

(ख) क्या यह कदम कर्ज में डूबी इंफ्रास्ट्रक्चर लीज़िंग एंड फाइनेंस सर्विसेज़ कंपनी (आईएल एण्ड एफएस) में ईपीएफओ के निवेश में कठिनाई आने के कारण उठाया गया है;

(ग) क्या श्रम संबंधी स्थायी समिति ने आईएल एण्ड एफएस में ईपीएफओ द्वारा निवेश को 574.75 करोड़ रुपये तक सीमित किया है; और

(घ) क्या राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील प्राधिकरण के समक्ष शपथपत्र में आईएल एण्ड एफएस ने घोषणा की है कि यह पेंशन और भविष्य निधि द्वारा 9134 करोड़ रुपये के निवेश का तत्काल पुनर्भुगतान नही कर सकती है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) और (ख) : कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा निवेश बाजार की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए तथा सरकार द्वारा अधिसूचित निवेश के पैटर्न के अनुसार ही किया जाता है।

(ग) : इंफ्रास्ट्रक्चर लीज़िंग एंड फाइनेंस सर्विसेज़ कंपनी (आईएल एण्ड एफएस) में ईपीएफओ का कुल निवेश 574.73 करोड़ रुपये है।

(घ) : श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के पास ऐसी कोई सूचना उपलब्ध नहीं है।

***

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2013
बुधवार, 10 जुलाई, 2019/19 आषाढ़, 1941 (शक)

बेरोजगारी में बढ़ोतरी

2013. श्री पि॰ भट्टाचार्यः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में बेरोजगारी की स्थिति सुधारने के लिए कोई कार्रवाई की गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ख) क्या विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पड़े रिक्त पदों को भरने के लिए क्या उपाय किये जा रहे हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क): सरकार ने देश में रोजगार का सृजन करने के लिए अर्थव्यवस्था के निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने, पर्याप्त निवेश वाली विभिन्न परियोजनाओं को गति प्रदान करने और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) तथा दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) जैसी योजनाओं पर सार्वजनिक व्यय में वृद्धि करने जैसे विभिन्न कदम उठाए हैं।

श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने हेतु नियोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पीएमआरपीवाई) आरंभ की गई है। इस योजना के तहत, सरकार सभी क्षेत्रों के समस्त पात्र नए कर्मचारियों हेतु ईपीएफ एवं ईपीएस के लिए 3 वर्षों हेतु नियोक्ता के संपूर्ण अंशदान (12% अथवा यथा-स्वीकार्य) का भुगतान कर रही है।

सरकार ने स्व-रोजगार को सुकर बनाने के लिए, अन्य बातों के साथ-साथ, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) आरंभ की है। पीएमएमवाई के अंतर्गत सूक्ष्म/लघु व्यापारिक उद्यमों तथा व्यक्तियों को अपने व्यापारिक कार्यकलापों को स्थापित करने अथवा विस्तार करने में समर्थ बनाने के लिए 10 लाख रुपए तक का गैर-जमानती ऋण प्रदान किया जाता है।

सरकार ने राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना को कार्यान्वित किया है, जिसमें एक ऐसा डिजिटल पोर्टल शामिल है जो गतिशील, दक्ष एवं सकारात्मक ढंग से योग्यता अनुरूप रोजगार हेतु रोजगार चाहने वालों एवं नियोक्ताओं के लिए एक राष्ट्र-व्यापी ऑनलाइन मंच प्रदान करता है तथा इसमें रोजगार चाहने वालों हेतु आजीविका संबंधी विषय-वस्तु का भंडार है।

स्टार्ट अप इंडिया भारत सरकार की एक फ्लैगशीप पहल है। यह एक मजबूत इकोसिस्टम का निर्माण करना चाहती है, जो व्यापार आरंभ करने को संवर्द्धित करने, धारणीय आर्थिक विकास को प्रेरित करने तथा बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर को सृजित करने में सहायक है।

इन पहलों के अतिरिक्त, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन, जीर्णोद्धार एवं शहरी रूपांतरण हेतु अटल मिशन, सभी के लिए आवास, अवसंरचना विकास तथा औद्योगिक गलियारे जैसे सरकार के फ्लैगशीप कार्यक्रमों में उत्पादक रोजगार के अवसर सृजित करने की संभावना है। युवाओं की नियोजनीयता में सुधार करने तथा नियोजन की सुविधा प्रदान करने के लिए मंत्रालय/विभाग/राज्य विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास योजनाएं चलाते हैं। राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्द्धन योजना (एनएपीएस) जैसी योजनाएं, जिनमें सरकार शिक्षुओं को देय वृत्तिका के 25 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति करती है, भी रोजगार प्राप्त करवाने हेतु युवाओं की नियोजनीयता को बढ़ाती हैं।

(ख): रिक्त पदों का भरा जाना एक सतत प्रक्रिया है, जो वर्ष के दौरान मंत्रालयों/विभागों में उत्पन्न होने वाली रिक्तियों तथा भर्ती अभिकरणों के कार्रवाई कैलेंडर पर निर्भर करता है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीएंडटी) ने विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक के समय पर आयोजन हेतु आदर्श कैलेंडर निर्धारित करते हुए तथा यह सुनिश्चित करने कि अनुमोदित चयन पैनल रिक्ति वर्ष के आरंभ की तिथि पर तैयार हैं, के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों को भी सीधी भर्ती वाले पदों के संबंध में रिक्तियों की स्थिति संबंधित भर्ती अभिकरणों, अर्थात् संघ लोक सेवा आयोग तथा कर्मचारी चयन आयोग, को सूचित करने का परामर्श दिया गया है, ताकि समयबद्ध तरीके से ऐसी रिक्तियों को भरा जा सके।

*****

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2018

बुधवार, 10 जुलाई, 2019 / 19 आषाढ़, 1941 (शक)

कर्मचारी भविष्य निधि के पेंशनभोगियों को पेंशन

2018. डॉ. आर. लक्ष्मणन:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पूरे देश में कर्मचारी भविष्य निधि के पेंशनभोगियों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) इन पेंशनभोगियों को पेंशन के रूप में दी जा रही राशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि के पेंशनभोगियों को पेंशन का भुगतान करने के लिए बाधा मुक्त वातावरण बनाने हेतु कोई पहल की है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) और (ख): जून, 2019 के दौरान पूरे देश में कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के अंतर्गत पेंशनभोगियों की संख्या के साथ-साथ संघ शासित प्रदेश/राज्य-वार भुगतान की गई राशि का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ग) से (ङ): जी हां। अन्य बातों के साथ-साथ, उठाए गए महत्वपूर्ण कदम, निम्नलिखित हैं:-

i. पेंशन का भुगतान इलैक्ट्रोनिक रूप से सीधे पेंशनभोगियों के बैंक खातों में किया जाता है।

ii. पेंशनभोगी ऑनलाइन जीवन प्रमाण/युनिफाइड़ मोबाइल ऐपलिकेशन फोर न्यू-ऐज़ गवर्नेश (उमंग) ऐप के माध्यम से जीवन प्रमाण-पत्र को जमा करा सकते हैं।

* ******

<u>अनुबंध</u>

'ईपीएफ पेंशनरों को पेंशन' के संबंध में डॉ. आर. लक्ष्मणन द्वारा उठाए गए 10.07.2019 के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2018 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

राज्य-वार पेंशनभोगी तथा भुगतान (जून, 2019 की स्थिति के अनुसार)			
क्र.सं.	**राज्य**	**जून 2019 में कुल पेंशनभोगी**	**जून 2019 में किया गया कुल भुगतान (रुपये)**
1	आंध्र प्रदेश	273523	341397545
2	अंडमान निकोबार द्वीप समूह	3433	3683382
3	असम	50859	67515952
4	बिहार	192539	190029916
5	चंडीगढ़	42010	65182681
6	छत्तीसगढ़	87771	109053926
7	दिल्ली	138693	193129169
8	गोवा	24792	30708043
9	गुजरात	394413	490424914
10	हरियाणा	142723	175150931
11	हिमाचल प्रदेश	34027	45374945
12	झारखंड	150214	176688091
13	कर्नाटक	536419	591384323
14	केरल	404103	495568521
15	मध्य प्रदेश	212727	229732712
16	महाराष्ट्र	1102677	1394750473
17	मेघालय (शिलांग)	4508	5896245
18	ओडिशा	162438	190760112
19	पुडुचेरी	16303	22164845
20	पंजाब	106998	138866330
21	राजस्थान	164182	189834014
22	तमिलनाडु	737431	806152734
23	तेलंगाना	362764	378973626
24	त्रिपुरा (अगरतला)	7777	9637828
25	उत्तर प्रदेश	509220	534333295
26	उत्तराखंड	58902	74045668
27	पश्चिम बंगाल	572477	647393537
	कुल	**64,93,923**	**759,78,33,758**

*****

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2791
बुधवार, 17 जुलाई, 2019/26 आषाढ़, 1941 (शक)

प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत
कर्मचारी भविष्य निधि और कर्मचारी पेंशन
योजना में कर्मचारियों का अंशदान

2791. श्री विशम्भर प्रसाद निषादः
श्रीमती छाया वर्माः
चौधरी सुखराम सिंह यादवः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उन नए कर्मचारियों की संख्या कितनी है जिनके लिए विगत तीन वर्षों के दौरान प्राधन मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत कर्मचारी भविष्य निधि और कर्मचारी पेंशन योजना में नियोक्ताओं के पूर्ण अंशदान का भुगतान मंत्रालय द्वारा किया गया है;

(ख) इसके लिए भुगतान की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान कितने नए कर्मचारियों को रोजगार दिया गया है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ग): 01.04.2016 से 31.03.2019 तक प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पीएमआरपीवाई) के अंतर्गत लाभान्वित कर्मचारियों की कुल संख्या 1.18 करोड़ है। इसका वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार हैः

वर्ष	लाभान्वित कर्मचारी
2016-17	33031
2017-18	3025084
2018-19	8746888
योग	**11805003**

01.04.2016 से 31.03.2019 तक भुगतान की गई धनराशि 4370.60 करोड़ रुपए है।

*****

भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2796

बुधवार, 17 जुलाई, 2019/26 आषाढ़ 1941(शक)

कामगारों की न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि किया जाना

2796. श्रीमती कान्ता कर्दम:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की विभिन्न व्यवसायों के कामगारों की न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि करने की कोई योजनाएं हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में श्रमिक संघों से परामर्श किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा देश में कामगारों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए उठाए जा रहे अन्य कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (घ): न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के उपबंधों के अंतर्गत, केन्द्रीय और राज्य दोनों सरकारें अपने-अपने संबंधित अधिकार क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले अनुसूचित रोजगार में नियोजित कामगारों की न्यूनतम मजदूरी नियत करने, समीक्षा करने तथा परिशोधित करने के लिए समुचित सरकारें हैं। केन्द्रीय क्षेत्र में निर्धारित दरें केन्द्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन प्रतिष्ठानों, रेल प्रशासन, खानों, तेल-क्षेत्रों, मुख्य पत्तन या केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित किसी निगम पर लागू हैं। केन्द्रीय क्षेत्र के लिए अनुसूचित रोजगार से इतर रोजगार राज्य सरकार के अधिकार-क्षेत्र में आता है तथा तदनुसार राज्य सरकार की मजदूरियां इन रोजगारों पर लागू होती हैं।

जारी.....2/-

केंद्रीय सरकार ने न्यूनतम मजदूरी सलाहकार बोर्ड (एमडब्ल्यूएबी), जो एक त्रिपक्षीय निकाय है और इसमें ट्रेड यूनियनें शामिल हैं, के साथ परामर्श करके कृषि, सन्निर्माण गैर-कोयला खानों, पत्थर खदानों, साफ-सफाई, पहरा एवं निगरानी और लदाई एवं उतराई के लिए मूल न्यूनतम मजदूरी 19.01.2017 को संशोधित की है।

(ङ): सदस्यों के लाभ के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा उठाए गए कदम :

- ऑनलाइन एवं उमंग एप्प आधारित दावे फाइल करना। सदस्य अपने दावे की स्थिति को ऑनलाइन देख सकते हैं।
- पेंशनभोगी पोर्टल और 65.60 लाख पेंशनभोगियों के लिए 'जीवन प्रमाणन' डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा।
- खाता लेनदेन के लिए सदस्यों को एसएमएस से सूचित करना।
- ऑनलाइन नामांकन (ई-नामांकन), उमंग एप्प तथा ईकेवाईसी पोर्टल के माध्यम से आधार के साथ यूएएन को जोड़ना।
- सदस्य की मृत्यु हो जाने की स्थिति में कर्मचारी निक्षेप-संबद्ध बीमा लाभ को बढ़ाकर अधिकतम 6 लाख रुपये और न्यूनतम 2.50 लाख रुपये किया गया।

कामगारों के कल्याण के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा उठाए गए कदम :

- बीमित व्यक्तियों और (या) उनके परिवार को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के अंतर्गत चिकित्सा लाभ एवं नकद लाभ प्रदान करके सामाजिक सुरक्षा दी जाती है।

****

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2801

बुधवार, 17 जुलाई, 2019/26 आषाढ़, 1941 (शक)

कर्मचारियों के वेतनों में से काटी गई भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा राशि का जमा न किया जाना

2801. श्रीमती विजिला सत्यानंत:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बहुत से नियोक्ता कर्मचारियों के वेतनों में से काटी गई भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा की धनराशि को समुचित रूप से जमा नहीं करवा रहे थे;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस वजह से नियोक्ताओं के पास अत्यधिक राशि बकाया है; और

(ग) सरकार ने नियोक्ताओं से यह धनराशि प्राप्त करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ग): वर्ष 2018-19 के लिए भविष्य निधि (पीएफ) के अंतर्गत बकाया राशि की मांग, इसकी उगाही तथा शेष (पिछला शेष) राशि का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(करोड़ रुपये में)

बकाया राशि की मांग	1251.44
वसूली गई राशि	459.81
पिछला शेष	791.63

पीएफ के अंतर्गत बकायों की वसूली करने के लिए, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध (ईपीएफ तथा एमपी) अधिनियम, 1942 की धारा 8ख और 8छ के अंतर्गत विभिन्न उपाय किए जाते हैं, जो इस प्रकार हैं:-

(i) प्रतिष्ठान या नियोजक, जैसा भी मामला हो, की चल या अचल सम्पत्ति की कुर्की और बिक्री;

(ii) नियोजक की गिरफ्तारी और जेल में कैद;

(iii) प्रतिष्ठान या नियोजक, जैसा भी मामला हो, की चल या अचल सम्पत्तियों के प्रबंधन हेतु अभिग्राही की नियुक्ति।

चूककर्ता नियोजकों के विरुद्ध समुचित न्यायालय के समक्ष अभियोजन मामले दायर करने के लिए कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 की धारा 14 के अंतर्गत आगे की कार्रवाई(की जाती है)।

जारी---/2-

इसी प्रकार, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 की धारा 45 ग से 45 झ के प्रावधानों के अनुसार चूककर्ता नियोजकों से राशि के वसूली के लिए उपाय किए जाते हैं।

कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के अनुसार चूककर्ता इकाईयों/नियोजकों के विरूद्ध अभियोजन मामले भी दायर किए जाते हैं। 31.03.2018 की स्थिति के अनुसार ईएसआईसी के अधीन चूककर्ता नियोजकों के विरूद्ध कुल 1007 अभियोजन मामले लंबित हैं।

******

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3595

बुधवार, 24 जुलाई, 2019 /2 श्रावण, 1941 (शक)

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में संकट के कारण कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के निवेश पर प्रभाव

3595. श्री जोस के. मणि:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में संकट से उत्पन्न भुगतान में चूक के कारण निजी क्षेत्र के बॉन्ड में निवेश रोकने का निर्णय लिया है;

(ख) क्या कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के पोर्टफोलियो प्रबंधकों ने ईपीएफओ की निधि के निवेश के लिए बॉन्ड का चयन करते समय रेटिंग करने वाली चार एजेंसियों यथा, सीआरआईएसआईएल: क्रेडिट रेटिंग्स इनफॉरमेशन सर्विस ऑफ इंडिया लिमिटेड, सीएआरई रेटिंग्स, आईसीआरए और इंडिया रेटिंग्स एन्ड रिसर्च में से कम से कम तीन एजेन्सियों से मिली क्रेडिट रेटिंग का कड़ाई से पालन किया है; और

(ग) वर्तमान में कितनी क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां बाजार विनियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत हैं और ईपीएफओ निवेशों के लिए न्यूनतम रेटिंग्स का मानदंड क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क): कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा निवेश सरकार द्वारा अधिसूचित निवेश स्वरूप के अनुसार और बाजार की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए किया जाता है।

(ख) ईपीएफओ अपनी निधियों का निवेश केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित निवेश स्वरूप के अनुसार करता है। इस निवेश स्वरूप में भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास पंजीकृत कम से कम दो क्रेडिट एजेंसियों के साथ केवल ऐसी प्रतिभूतियों में निवेश करने की अनुमति होती है। इसके अलावा अपेक्षित दो रेटिंग्स में से एक अनिवार्यत: चार क्रेडिट एजेंसियों (सीआरए) अर्थात सीआरआईएसआईएल, सीएआरई, आईसीआरए और इंडिया रेंटिंग्स की होनी चाहिए।

(ग): सूचना एकत्र की जा रही है और उसे सदन के सभा पटल पर रख दी जाएगी।

******

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3609
बुधवार, 24 जुलाई, 2019/2 श्रावण, 1941 (शक)

विशेष भर्ती अभियान

3609. कुमारी शैलजाः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में बेरोजगारी की स्थिति से निपटने के लिए विशेष भर्ती कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है;

(ख) क्या इस संबंध में प्रधान मंत्री के तरफ से सभी मंत्रालयों/विभागों को कोई निर्देश जारी किये गये हैं;

(ग) क्या सरकार सरकारी सेवाओं में रिक्त पदों को भरने की मंशा रखती है;

(घ) क्या सरकार उपर्युक्त को क्रियान्वित करने के लिए सीधी भर्ती और पदोन्नति की प्रणाली अपनाने की भी मंशा रखती है;

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में क्या उपलब्धि हासिल की गई है; और

(च) क्या इस संबंध में राज्य सरकारों ने भी कोई दिशानिर्देश जारी किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (घ): केंद्रीय सरकार में रिक्तियां सेवानिवृत्ति, मृत्यु, पदोन्नति आदि के कारण उत्पन्न होती हैं तथा रिक्त हुए पदों को संबंधित मंत्रालय/विभाग/संगठन द्वारा भर्ती नियमों के अनुसार भरा जाना अपेक्षित है। रिक्त पदों को भरना एक सतत प्रक्रिया है, जो वर्ष के दौरान मंत्रालयों/विभागों में उत्पन्न होने वाली रिक्तियों तथा भर्ती अभिकरणों के कार्रवाई कैलेंडर पर निर्भर करता है।

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीएंडटी) ने विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठकों का समय पर आयोजन करने के लिए मॉड्ल कैलेंडर निर्धारित करते हुए तथा यह सुनिश्चित करने हेतु कि अनुमोदित चयन पैनल रिक्ति वर्ष के प्रारंभ की तिथि पर तैयार हों, के लिए अपने दिनांक 08.05.2017 के कार्यालय ज्ञापन (ओएम) संख्या 22011/4/2013-स्था.(घ) द्वारा अनुदेश जारी किए हैं। डीओपीएंडटी के दिनांक 19.12.2016 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 39020/18/2016-स्था.(ख)/3127101 द्वारा प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों को भी सीधी भर्ती वाले पदों के संबंध में संबंधित भर्ती अभिकरणों, अर्थात् संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग आदि को रिक्ति की स्थिति भेजने का परामर्श दिया गया है, जिससे समयबद्ध तरीके से ऐसी रिक्तियों को भरा जा सके।

(ङ): इससे संबंधित आंकड़ों का रख-रखाव केंद्रीय रूप से नहीं किया जाता है। तथापि, 2014-2019 के दौरान संघ लोक सेवा आयोग एवं कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से अभ्यर्थियों को 2,45,470 सरकारी रिक्तियां/रोजगार प्रस्तुत किए गए। इन दो भर्ती अभिकरणों के अलावा अन्य अभिकरण भी हैं, जैसे रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) आदि, जो सरकारी रिक्तियों/रोजगार हेतु भर्ती करते हैं।

(च): राज्य सरकारें अपनी आवश्यकताओं एवं अपने भर्ती नियमों के अनुसार राज्य की रिक्तियों के लिए भर्ती करती हैं।

*****

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3612

बुधवार, 24 जुलाई, 2019 / 2 श्रावण, 1941 (शक)

उद्योगों और व्यावसायिक फर्मों द्वारा मौजूदा श्रम कानूनों का दुरुपयोग

3612. श्री संजय राउत:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में कई उद्योग और व्यावसायिक फर्में मौजूदा श्रम कानूनों का दुरुपयोग कर रही हैं और इसका अनुपालन नहीं कर रही हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार की इस संबंध में क्या प्रतिक्रिया है; और
(ग) सरकार द्वारा मजदूरों/कर्मचारियों के फायदे के लिए देश में मौजूदा श्रम कानूनों में संशोधन करने के लिए उठाए गए/उठाए जाने के लिए प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ग): "श्रम" समवर्ती सूची के अंतर्गत आता है। केन्द्र और राज्य सरकारें संबंधित श्रम कानूनों के अनुसार कार्रवाई करती हैं। उद्योगों और व्यावसायिक फर्मों द्वारा श्रम कानूनों का दुरुपयोग किए जाने की कोई ऐसी घटना रिपोर्ट नहीं की गई है। तथापि, श्रम कानूनों के उल्लंघन की स्थिति में चूककर्ता के विरूद्ध विधिक कार्रवाई शुरू की जाती है। मुख्य श्रम आयुक्त (केन्द्रीय) का कार्यालय अपने क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से तथा राज्य श्रम तंत्र अपने-अपने संबंधित अधिकार क्षेत्र में उद्योगों और व्यावसायिक फर्मों द्वारा कानूनों की अनुपालना सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न श्रम कानूनों के अंतर्गत नियमित निरीक्षण करते हैं।

मंत्रालय ने वर्तमान केंद्रीय श्रम कानूनों के संगत प्रावधानों का सरलीकरण, समामेलन करके एवं तर्कसंगत बनाकर चार श्रम संहिताओं नामत: मजदूरी संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण संहिता; और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कामकाजी दशाएं संहिता का प्रारूप तैयार करने के लिए कदम उठाए हैं। इन श्रम संहिताओं में सभी 50 करोड़ कामगारों के लिए न्यूनतम मजदूरी का विस्तार करने और समय पर भुगतान करने, नियुक्ति पत्र, वार्षिक चिकित्सा जांच, कामगारों के लिए शिकायत निवारण तंत्र, और सुरक्षा एवं अन्य कल्याणकारी उपायों के प्रावधान की परिकल्पना की गई है।

******